टनल हुई टनाटन! तेजगति से चल रहा है मेट्रो का काम

सामना संवाददाता / मुंबई

३१ मई से मेट्रो-७ और मेट्रो-२ए के २० किमी रूट पर ट्रायल रन की शुरुआत हो गई है। इसके अलावा मुंबई में अंडरग्राउंड मेट्रो का निर्माण कार्य भी तेजगति से जारी है। सोमवार को कफपरेड से छत्रपति शिवाजी महाराज टर्मिनस मेट्रो रूट के अंडरग्राउंड टनल का निर्माण कार्य शत-प्रतिशत पूरा हो गया। इसी के साथ पैकेज-१ के अंतर्गत टनल निर्माण का ३८वां चरण भी पूरा हो चुका है। अब मुंबई में ५२ किमी व अंडरग्राउंड टनल तैयार हो चुकी है। मेट्रो-३ कुलाबा-बांद्रा-सिप्ज मेट्रो के अंडरग्राउंड टनल का काम ९६ फीसदी पूरा हो चुका है।

■ मुंबई में ५२ किमी अंडरग्राउंड सुरंग तैयार

मुंबई मेट्रो रेल कॉरपोरेशन लिमिटेड से प्राप्त जानकारी के मुताबिक हुतात्मा चौक से सीएसएमटी अप-डाउन लाइन के ५५७ मीटर अंडरग्राउंड टनल को ४०५ रिंग्स की मदद से १४९ दिनों में पूरा किया गया।

सूर्य-१ नामक रॉबिंस बनावट के ड्यूअल मोड हार्ड रोक टनल बोरिंग मशीन की मदद से इस अंडरग्राउंड टनल निर्माण को पूरा किया गया।

मुंबई मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन लिमिटेड के व्यवस्थापकीय संचालक रणजीत सिंह देओल ने बताया मेट्रो-३ के कुल ७ पैकेज में से छह पैकेज का टनल निर्माण शत-प्रतिशत पूरा हो गया है। ऐतिहासिक इमारतों के नजदीक टनल निर्माण कार्य करना बहुत ही चुनौतीपूर्ण काम था।

पैकेज-१ के अंडरग्राउंड टनल का विवरण

१) कफपरेड से विधान भवन (अप लाइन १,२२८ मी, डाउन लाइन १,२५४ मी)
२) विधान भवन से चर्चगेट अप लाइन ४९८ मी, डाउन लाइन ४८१ मी)
३) चर्चगेट से हुतात्मा चौक (अप लाइन ६५४ मी)
४) हुतात्मा चौक से सीएसएमटी अप लाइन (अप लाइन ५५७ मी डाउन लाइन ५६९मी)

पैकेज-१ अंतर्गत कफ परेड, विधान भवन, चर्च गेट और हुतात्मा चौक इन मेट्रो स्टेशनों का समावेश है।